हिन्दी दैनिक

# नवशक्ति

RNI-BIHHIN/2012/43368

www.navshaktinews.in

navshakti news paper patna

वर्ष : 13, अंक : 349 | पटना, गुरुवार, 13 फरवरी, 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य : दो रुपये

# अनुसूचित जाति एवं अनुसूचिज जनजाति वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए और जो भी आवश्यकताएं होंगी उसे पूरा किया जाएगा:मुख्यमंत्री

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के अवसर पर सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र स्थित बापू सभागार में आयोजित विकास मित्रों के क्षमतावर्द्धन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री ने संत शिरोमणि रविदास जी एवं भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए आप सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। आप सब यहां बड़ी संख्या में उपस्थित हुए हैं, मैं आप सबका अभिनंदन एवं स्वागत करता हूं। संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी ने जातिवाद, भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ आवाज उठाई एवं समाज को समानता और भाईचारे का संदेश दिया। संत रविदास जी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है संविधान के निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को भी इस अवसर पर नमन करता हूं। उनके द्वारा किए गए कार्यों को भी हमलोगों को याद रखना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरू से हमने समाज के सभी वर्गों वो चाहे हिंदू हों, मुसलमान हों, सामान्य वर्ग हों या पिछड़ा हों, अति पिछड़ा हों, दलित हों या महादलित हों सबके हित के लिए काम किया। वंचित वर्ग के लोगों को मुख्यधारा में लाने के लिए कई विशेष कार्यक्रम एवं योजनायें चलायी गयीं। महादलित वर्ग तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए वर्ष 2009 में बिहार महादलित विकास मिशन की स्थापना की गई, जिससे महादलित वर्ग के लोगों को काफी लाभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में विकास मित्रों के मानदेय को 13 हजार 700 रुपए से बढ़ाकर 25 हजार रुपए कर दिया गया और प्रति वर्ष उसमें 5 प्रतिशत की वृद्धि की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं। वर्ष 2018 में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवक एवं युवतियों के रोजगार को लेकर 'उद्यमी योजना' की शुरूआत की गई। इस योजना के तहत उद्योग लगाने के लिए 10 लाख रुपये की सहायता दी जा रही है जिसमें 5 लाख रुपये का अनुदान एवं 5 लाख



रुपया ब्याज मुक्त ऋण के रूप में उपलब्ध कराया जा रहा है। इस वर्ग के युवक एवं युवतियों को 'सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना' का लाभ मिल रहा है। युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए 'मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना' की शुरूआत की गई है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय एवं छात्रावास की स्थापना की गई है।मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचिज जनजाति वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए और जो भी आवश्यकताएं होंगी उसे पूरा किया जाएगा। समाज के सभी तबके एवं सभी क्षेत्रों के उत्थान के लिए हमलोग लगातार काम कर रहे हैं। हमलोगों के सरकार में आने के पहले क्या स्थिति थी, सभी लोग जानते हैं। शाम के वक्त लोग घर से बाहर नहीं निकलते थे। अब लोग देर रात तक घूम फिर रहे हैं और अपना कारोबार कर रहे हैं। अभी हम यात्रा में सभी जगह घूमकर लोगों से मिल रहे हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ उन्हें किस प्रकार मिल रहा है इसके बारे में भी बातचीत कर रहे हैं। हमने अधिकारियों से कहा है कि जो भी समस्याएं लोग बताते हैं उसका त्वरित समाधान करें। लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसके लिए हमलोग काम कर रहे हैं। हमलोग वर्ष 2005 से एक साथ मिलकर राज्य का विकास कर रहे हैं। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने मुझे मुख्यमंत्री बनाया था। केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की तरफ से भी राज्य के विकास के लिए पूरा सहयोग मिल रहा है। गरीब तबके के उत्थान के लिए जो भी जरूरतें होंगी उसपर काम करेंगे। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम करते रहेंगे। आज के इस अवसर पर संत शिरोमणि रविदास जी को नमन करता हूं। आप सबका अभिनंदन करता हूं।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को विकास मित्र बिट्टू कुमार एवं सुश्री रजनी कुमारी ने प्रतीक चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया।कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के सचिव देवेश सेहरा ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर लघु जल संसाधन सह आपदा प्रबंधन मंत्री संतोष कुमार सुमन, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री रत्नेश सादा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ.एस. सिद्धार्थ, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त मयंक बरबड़े, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के निदेशक श्याम बिहारी मीणा, बिहार महादलित विकास मिशन के निदेशक गौतम पासवान, पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में विकास मित्र उपस्थित थे।

## संत रविदास अद्वितीय पुरुष ने : सत्यानंद शर्मा

**पटना।** संत रविदास अद्वितीय पुरुष थे।मानवीय धर्म को सभी धर्म से ऊपर मानते हुए गरीबों, मजलूमों,शोषितों और पीड़ितों के उदार का मार्ग प्रशस्त किया था।यें बात आज लोजपा - रा के राज्य कार्यालय एक व्हीलर रोड पटना मे संत रविदास जयंती के अवसर पर बोलते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सत्यानंद शर्मा, धनंजय मृणाल, शाहनवाज अहमद कैफी, युवा के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान और प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशरफ अंसारी ने कहा कि संत रविदास साहब ने सामाजिक विषमता के खाई को न सिर्फ पाटने का काम किया था, बल्कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करने



का काम किया था। रहीम, कबीर, तुलसीदास जैसे कवियों और विचारकों से ज्यादा ऊंचाई को प्राप्त किया। गरीबों को सम्मान देने की परंपरा की शुरूआत किया था। आज इस काम को हमारे पार्टी के नेता और राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान बखूबी कर रहे हैं। पार्टी संत रविदास के उद्देश्यों और आदर्शों पर चलने का संकल्प लेती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता दिनेश पासवान ने किया। समारोह को पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु पासवान, संजय सिंह, मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट, पार्टी के वरिष्ठ नेता साजेश पासवान , नौशाद आलम, कलामुद्दीन, महिला प्रदेश अध्यक्ष शोभा पासवान, प्रदेश सचिव दिलीप यादव,सुदीप चौधरी, कार्यालय प्रभारी ओमप्रकाश भारती, सह कार्यालय प्रभारी सुरेश पासवान, आनंद चंद्रवंशी, शक्ति पासवान, प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने भी संबोधित किया।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में मनाई गई संत रविदास जयंती, प्रदेश के पदाधिकारियों ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि कर दी श्रद्धांजलि

**पटना।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती मनाई गई। एससी मोर्चा के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने संत रविदास की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उन्हें नमन किया।

भाजपा एससी मोर्चा के अध्यक्ष लखिन्द्र पासवान ने कहा कि संत रविदास जयंती पर आज हम इकट्ठा हुए हैं। संत रविदास ने जातिवाद, भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ आवाज उठाई एवं समाज को समानता और भाईचारे का संदेश दिया। समाज में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने लोगों को संत शिरोमणि की जयंती पर सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज केंद्र की सरकार हो या प्रदेश की सरकार, संत रविदास और बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के बताए रास्ते पर आगे चल रही है।



आज सरकार कमजोर वर्ग के लोगों को मुख्यधारा में लाने के प्रयास में जुटी है। पासवान ने कहा कि शिरोमणि ने मानव कल्याण, राष्ट्रसेवा और समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए अपने जीवन का प्रत्येक क्षण होम कर दिया। उनके ओजस्वी विचारों के दिव्य प्रकाश से मानवता का सर्वदा कल्याण होता रहेगा। उन्होंने सभी लोगों से संत शिरोमणि रविदास के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया, जिससे समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर किया जा सके।

## बिहार में बदलाव का सवाल जनता के ठोस मुद्दों व व्यापक आधार पर हो रहा खड़ाः दीपंकर

**पटना।** पटना के नागरिक समाज द्वारा आयोजित 'बदलो बिहार विमर्श' के अंतर्गत ह्यगणतंत्र के 75 सालः बिहार में बदलाव की चुनौतीह्ल विषय पर एक व्यापक परिचर्चा हुई, जिसमें शहर के नागरिक समाज की बड़ी भागीदारी रही।

इस परिचर्चा को मुख्य रूप से भाकपा (माले) महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य, दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रो. रतनलाल, दिल्ली वि.वि. के पूर्व सहायक प्राध्यापक डॉ. लक्ष्मण यादव, आर्टिकल 19 के पत्रकार नवीन कुमार, प्रो. चिंटू कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता वंदना प्रभा, इंसाफ मंच के अध्यक्ष गोपाल रविदास, प्रो. शमीम आलम आदि ने संबोधित किया। परिचर्चा का संचालन विधायक व बीपूटा के संरक्षक संदीप सौरभ ने किया, जबकि अध्यक्ष मंडल में कमलेश शर्मा, गालिब, विश्वनाथ चौधरी, पंकज श्वेताभ, मंजू शर्मा आदि शामिल थे। का. दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि बिहार में बदलाव की मांग पूरे राज्य में जोर पकड़ रही है।यह चर्चा 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद शुरू हुई थी, लेकिन भाजपा इसे अपने हित में हड़पने की कोशिश कर रही है। हरियाणा और महाराष्ट्र में सत्ता बचाने और दिल्ली में कब्जा जमाने के बाद अब भाजपा की निगाहें पूरी तरह बिहार पर हैं। लेकिन बिहार की जनता ठोस और व्यापक आधार पर बदलाव की दिशा में आगे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि 90 के दशक में भी भाजपा ने बिहार में सत्ता हथियाने की कोशिश की थी, लेकिन जनता ने उसे नाकाम किया। अब जब 20 वर्षों की सरकार के बाद नीतीश कुमार एक थके हुए प्रतीक बन गए हैं, तो भाजपा फिर से बिहार को अपने नियंत्रण में लेना चाहती है। लेकिन बिहार आगे बढ़ेगा, पीछे नहीं जाएगा।

उन्होंने बढ़ते पुलिस राज का उदाहरण देते हुए मधुबनी (बेनीपट्टी) और मुजफ्फरपुर (कांटी) में पुलिस क्रूरता की घटनाओं को उजागर किया। साथ ही, उन्होंने संविधान और लोकतंत्र पर मंडरा रहे खतरों की ओर ध्यान आकर्षित किया।

का. दीपंकर ने कहा कि शाहीनबाग आंदोलन ने लोकतंत्र और संविधान पर खतरे को सबसे पहले पहचाना था। 2024 के चुनावों में भी यह मुद्दा प्रमुख था। भाजपा यह सोच रही थी कि वे अंबेडकर और भगत सिंह को अपने अनुसार ढाल लेंगे, लेकिन जब यह संभव नहीं हुआ तो वे बौखला गए। अमित शाह डॉ. अंबेडकर पर आपत्तिजनक बयान देते हैं और मोहन भागवत कहते हैं कि राम मंदिर बनने के बाद ही देश को आजादी मिली।




## मुख्यमंत्री ने शब-ए-बरात के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनायें दी

**पटना।** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने शब-ए-बरात के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों विशेषकर मुस्लिम भाई-बहनों को बधाई एवं शुभकामनायें दीं हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शब-ए-बरात का त्योहार पवित्र है। इस अवसर पर लोग पूरी रात जागकर खुदा की इबादत करते हैं और अपने पूर्वजों को याद करते हैं। शब-ए-बरात की रात मॉगी गयी दुआयें खुदा कबूल करते हैं। उन्होंने कहा कि इस मुबारक रात पर हम सब खुदा से दुआ करें कि हम सबके बीच प्रेम, सद्भाव बढ़े और हम सभी के सम्मिलित प्रयास से बिहार निरंतर प्रगति की ऊँचाई पर बढ़ता रहे।

## संत शिरोमणि गुरु रविदास समता मूलक समाज के पक्षधर : मदन चौधरी



**पटना।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा पार्टी के कैंप कार्यालय में दिनांक 12 फरवरी दिन बुधवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज का 648 वीं जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि के रुप में रालोमो प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष श्री मदन चौधरी जी ने कहा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज अपने जीवन काल में समता मूलक समाज निर्माण के लिए प्रयास करते रहे वे चाहते थे । इस देश में न कोई उच्च है न कोई नीच सब एक समान है वे समता मूलक समाज के पक्षधर थे । उनके बताए रास्ता पर चलकर ही समाज में समरसता लाया जा सकता है । समारोह की अध्यक्षता रालोमो, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री अशोक राम ने करते हुए बिहार सरकार से मांग रखी कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की जयंती को राजकीय समारोह घोषित किया जाए, इसके लिए संत शिरोमणि जी के सभी अनुयाई सरकार के आभारी रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता ईङ्क हेमन्त कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि जयंती समारोह में स्मृति कुमुद, बैजनाथ शर्मा, रितेश रंजन, अमरेंद्र कुशवाहा, मुन्ना चौधरी, सत्येंद्र राम, खुर्शीद अहमद, राघवेंद्र कुशवाहा, विनोद पप्पू, सुरेश पासवान, अभिषेक कुशवाहा, संतोष रावत, अशोक कुशवाहा, मनोज कुमार एवं अन्य नेताओं उपस्थित रहे।

# समयबद्ध और प्रभावी कार्यनिष्पादन के लिए पथ निर्माण ने लिए कई अहम निर्णय : विजय कुमार सिन्हा

## राज्य के हर हिस्से से 50 किमी पर सुनिश्चित होगी फोरलेन की पहुंच : विजय कुमार सिन्हा

**पटना।** पथ निर्माण विभाग के सभाकक्ष में माननीय उपमुख्यमंत्री-सह- पथनिर्माण मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा विस्तृत विभागीय समीक्षा बैठक की गई । इस बैठक में कई विभागीय कार्यों को समयबद्ध और लागत प्रभावी तरीके से निष्पादित करने, अनुश्रवण प्रणाली को बेहतर बनाने, विभाग के उपभागों के बीच बेहतर तालमेल बनाने और सुरक्षित संपर्कता से जुड़े कई अहम निर्णय भी लिए गए । उक्त बैठक के बारे में जानकारी देते हुए श्री सिन्हा ने बताया कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन और माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में पथनिर्माण विभाग द्वारा विकसित बिहार के लक्ष्य के साथ करीब 6650 करोड़ रुपए की परियोजनाएं चल रही हैं । इनके अतिरिक्त करीब 2000 करोड़ की योजनाएं निविदा के चरण में हैं और 1060 करोड़ रुपए की योजनाएं एकरारनामा के स्तर पर हैं । प्राथमिकता के आधार पर विभाग के विजन-2030 में राज्य के किसी भी हिस्से को 50 किलोमीटर के भीतर किसी न किसी फोरलेन हाईवे तक पहुंच सुलभ कराने पर बल दिया गया है। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि विभागीय कार्यों को सुसंगत बनाने के लिए हम यांत्रिक उपभाग को पुनर्गठित करने पर विचार कर रहे हैं । ताकि अभियंताओं के अनुभव और कार्यक्षमता का युक्तिसंगत लाभ लिया जा सके । साथ ही हम खास विशेषज्ञता रखने वाले अभियंताओं को प्लानिंग, डिजाइन और अनुश्रवण से जोड़कर उनकी दक्षता का लाभ लेंगे । हमारे पास आज करीब 1100 अभियंताओं का कार्यबल है । जिनमें हाल तक सहायक अभियंताओं और उनके ऊपर के वरीय अभियंताओं का पर्याप्त संख्याबल तो था । लेकिन कनीय अभियंताओं की खासी कमी थी । लेकिन बीते दिनों 487 नए कनीय अभियंताओं के आ जाने से विभाग की परियोजनाओं का अनुश्रवण बेहतर होने की पूरी उम्मीद है ।श्री सिन्हा ने बताया कि बैठक में केंद्र सरकार के साथ बेहतर तालमेल बनाने पर भी बल दिया गया । विभाग के एनएच उपभाग को तय समयसीमा के भीतर कार्य निष्पादन सुनिश्चित कराने के लिए मुख्य अभियंता स्तर पर साप्ताहिक अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया है ।हम अनुश्रवण व्यवस्था को और सुदृढ करने के लिए 'मॉनिटरिंग एप' भी विकसित करेंगे । ताकि वरीय अभियंताओं के क्षेत्र भ्रमण का रिकॉर्ड तथा रियल टाइम प्रगति अपडेट मुख्यालय को मिल सके ।श्री सिन्हा ने कहा कि सुलभ और संपर्कता के साथ हमारा विशेष बल सुरक्षित संपर्कता पर भी है ।इसके लिए हर डिवीजन में फुटब्रिज, जगह-जगह पर जेब्रा क्रॉसिंग तथा दृष्टिबाधित राहगीरों के लिए रेज्ड रोड मार्किंग की व्यवस्था करने का निदेश दिया गया है ।साथ ही जगह-जगह पर सड़क सुरक्षा मैसेज के साथ गैंट्री साइनबोर्ड भी लगाए जाएंगे ।उक्त समीक्षा बैठक में विभाग के अपरमुख्य सचिव श्री मिहिर कुमार सिंह, सचिव श्री कार्तिकेय धनजी के साथ वरीय अभियंता शामिल हुए ।

# एनडीए सम्मेलन को सफल बनाकर पांचों दलों के कार्यकर्ता अपनी एकजुता का परिचय दें: चंदन कुमार सिंह



**खगड़िया।** आगामी 15 फरवरी को खगड़िया शहर स्थित मथुरापुर खेल मैंदान में आयोजित होने वाले एनडीए का जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर पांचों दलों के स्थानीय कार्यकताओं एवं प्रमुख साथियों की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान सम्मेलन की ऐतिहासिक सफलता हेतु विस्तृत रूपरेखा तय की गई एवं स्थानीय पार्टी पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए गए। बैठक को संबोधित कर एनडीए के प्रदेश कार्यक्रम संयोजक चंदन कुमार सिंह ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एनडीए की संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन बेहद महत्पूर्ण है, इससे कार्यकताओं में आपसी तालमेल बेहतर होगा। कार्यक्रम की सफलता से चुनाव की दिशा भी तय होगी। इसलिए हमें अपनी भरपूर ऊर्जा का इस्तेमाल कर इसे सफलता प्रदान करना है। साथ ही उन्होंने कहा कि पांचों दलों के सभी साथियों को 2025 में 225 सीटों पर एनडीए की जीत का संकल्प लेना है। बैठक की अध्यक्षता जदयू जिला अध्यक्ष बबलू कुमार मंडल कर रहे थे। जबकि बैठक में बेलदौर विधायक पन्नालाल सिंह पटेल,सदर की पूर्व विधायक पूनम देवी यादव,जदयू के मुंगेर मंडलीय प्रभारी संतोष कुशवाहा, जदयू प्रदेश महासचिव सुनील कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न भगत, लोजपा रामविलास जिला अध्यक्ष शिवराज यादव, रालोमों के जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह, जदयू नेता चंदन कश्यप, जदयू उपाध्यक्ष राजकुमार फोगला, लोजपा रामविलास के प्रदेश महासचिव रतन पासवान, जदयू प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री सुल्तानगंज विधानसभा प्रभारी पंकज कुमार पटेल, जदयू जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह पटेल, जदयू नेत्री अनुराधा कुमारी कुशवाहा, सुनील कुमार मेहता,अनील जयसवाल, पूर्व मुख्यमंत्री सतीश प्रसाद के पुत्र सुनील कुमार, उपाध्यक्ष सुबोध यादव, कोषाध्यक्ष संदीप केडिया, नीलम वर्मा, जदयू के जिला महासचिव राजीव रंजन, भाजपा की वंदना कुमारी, नंदू साह, राजेश सिंह,ई0 धर्मेंद्र कुमार, डॉ इन्दु भूषण कुशवाहा, रालोमों के प्रदेश महासचिव कैलाश वर्मा, हर्षवर्धन कुशवाहा, फिरदौस आलम, मानसी प्रखंड जदयू अध्यक्ष राजनीति प्रसाद सिंह, आजाद पासवान,डॉक्टर रवि कुमार एवं राजीव कुमार ठाकुर सहित दर्जनों की संख्या में एनडीए घटक दल के प्रमुख नेतागण मौजूद थे।

# हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा करेगी गाँधी मैदान में दलित समागम



**पटना।** हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा ने करेगी गाँधी मैदान में दलित समागम.. हम के कार्यालय कार्यालय 12ट स्टैंड रोड पटना में 28 फरवरी को आयोजित होने वाली दलित समागम संवाद को सफल बनाने को लेकर एक बैठक आयोजित की गई.. बैठक के शुरू होने से पहले पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं द्वारा रविदास जयंती के सुअवसर पर उन्हें फूल मालाओं से पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया,साथ ही उनके द्वारा बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प भी लिया गया ।बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन जी उपस्थित थे। डॉ सुमन जी ने कहा कि पार्टी पहले से बहुत मजबूत हो चुकी है,इसको और मजबूती देने की जरूरत है,जिससे आने वाले आगामी विधान सभा चुनाव के समय में जब ठऊ्अ गठबंधन चुनाव लड़े उसमें हम का दम मजबूती से दिखेगी.. अध्यक्षीय भाषण में डॉ अनिल कुमार जी ने अभी तक 19 जिलों में ठऊ्अ गठबंधन के प्रदेश अध्यक्षों द्वारा चलाए जा रहे जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा से० का प्रदर्शन बहुत ही बेहतर रहा है,हम आशा करते है कि बाकी के जिलों में इससे भी बेहतर प्रदर्शन होगा।

पार्टी के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता श्याम सुंदर शरण जी ने आज बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी मीडिया बंधु को देते कहा कि 28 फरवरी को होने वाले दलित समागम संवाद में पूरे बिहार के कोने कोने से लाखों लोगों की आने की संभावना है। आज बैठक में सिकंदरा विधायक प्रफुल्ल मांझी जी, वीरेंद्र सिंह जी, रमेश सिंह,राजेश रंजन,राधेश्याम प्रसाद जी, सरोज सिंह,आरके दत्ता जी,राजेश्वर मांझी जी, कमालुद्दीन जी,नंदलाल मांझी,शंकर मांझी,राजन सिद्दकी, पम्पी शर्मा,अविनाश कुमार,गीता पासवान,स्मिता शर्मा, रत्नेश पटेल,शकील हाशमी,बबलू सिंह,शंकर पासवान,प्रभा पासवान,पूनम सिंह,संजर आलम,शिव टहल मांझी,टूटू खान, डॉ शशि कुमार,साकेत यादव, कुमार शुभम,अनिल कुमार,बुलबुल सिंह आदि लोग उपस्थित थे। इस आशय की जानकारी मीडिया प्रभारी गिरधारी सिंह ने दी।

# सिखों ने संत शिरोमणि भक्त रविदास की जयंती मनाई




**पटना।** आज दिनांक 12 फरवरी 2025 को बिहार सिख फेडरेशन ने संत शिरोमणि भक्त रविदास जी के 648 व जयंती श्री गुरु तेग बहादुर एकेडमी हाल मैं मनाई गई कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार सिख फेडरेशन के संस्थापक त्रिलोक सिंह निषाद और मंच संचालन महासचिव सरदार सूरज सिंह ने की कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहब के सिंह साहब जात्सेदार मुख्य ग्रंथि ज्ञानी बलदेव सिंह मुख्य अतिथि सरदार महेंद्र पाल सिंह ढिल्लों सरदार अमरजीत सिंह संस्थापक सरदार त्रिलोक सिंह निषाद अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल कोषाध्यक्ष रणजीत सिंह ने संयुक्त रूप से की रागी जथा भाई विक्रम सिंह ने शब्द कीर्तन किया मुख्य कथावाचक ज्ञानी दलजीत सिंह और ज्ञानी गगनदीप सिंह जी ने संत रविदास जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत रविदास जी एक दलित परिवार के थे लेकिन परमेश्वर के भक्ति के कारण इनका चारों दिशा में इनकी मान प्रतिष्ठा सम्मान और जय जयकार हर समाज और वर्ग में होने लगा उनके उपदेश और विचारों से उनके काफी संख्या में भक्त और सेवक बने बधाई के पात्र हैं बिहार सिख फेडरेशन के तमाम पदाधिकारी और सदस्य जिनके द्वारा आज उनकी जयंती मना रहे हैं कार्यक्रम में एडिशनल हेड ग्रंथि ज्ञानी दिलीप सिंह मुख्य अतिथि सरदार महेंद्र पाल सिंह ढिल्लों विशिष्ट अतिथि श्री राजकुमार राजन और सरदार अवतार सिंह सरदार दीपक सिंह और मानवाधिकार संघ के सदस्य डॉक्टर आनंद मोहन झा ने अपने विचार रखें

संस्थापक सरदार त्रिलोक सिंह निषाद में जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रविदास जी का जन्म माघ के पूर्णिमा 1377 में जिला बनारस के गोवर्धनपुर गांव में हुआ इनका उपदेश और संदेश समाज के कल्याण के लिए था समाज के सुधार में इनका बहुत बड़ा योगदान रहा इनकी इतनी साधना और भक्ति थी कि चमड़ा फुलाने वाले बर्तन मैं मां गंगा को बुला लिया और कहा कि मन चंगा तो कठौती में गंगा आज ऐसे महापुरुषों की बनी और संदेश के नितांत आवश्यकता है श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज में संत शिरोमणि भक्त रविदास जी का 40 शब्द दर्ज कर रविदास जी को मान सम्मान दिया

कार्यक्रम में सरदार संदीप सिंह दमनजीत सिंह रानू परमजीत सिंह मनजीत सिंह दलजीत सिंह अधीक्षक कुलदीप सिंह हरि नारायण सिंह प्रदीप कुमार सिंह अंजनी पटेल देवेंद्र सिंह जसवीर सिंह सरदार गुरविंदर सिंह दिलीप सिंह रागी हरदेव सिंह बाजवा जगजीत सिंह मुकुल आनंद सिंह योगेश्वर सिंह सुरेश यादव बबीता देवी आयुषी कुमारी गंगाजली देवी हरजीत कौर गुरजीत कौर के अलावे सैकड़ो महिला पुरुष बच्चे शामिल हुए आए हैं अतिथियों को माला पहनकर रणजीत सिंह मुकुल आनंद जगजीत सिंह हरदेव सिंह बाजवा दिलीप सिंह पटेल मैं स्वागत किया आए हुए अतिथियों का धन्यवाद महासचिव सरदार सूरज सिंह नेकी आए हुए अतिथियों के लिए लिट्टी चोखा का प्रबंध फेडरेशन के कोषाध्यक्ष के देखरेख में किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### आकाश व उसकी टीम को राष्ट्रीय खेलों में बिहार को फेंसिंग में दिलाया दूसरा पदक



**पटना।** बिहार के फेंसिंग स्टार आकाश कुमार , हर्ष राज , तुषार कुमार और शिवम कुमार की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष फॉयल स्पर्धा में ब्रांज मेडल बिहार के नाम किया और राज्य के खेल इतिहास में नया अध्याय जोड़ा। यह उपलब्धि न केवल राष्ट्रीय फेंसिंग मंच पर बिहार की महबूत उपस्थिति को दशार्ती है, बल्कि राज्य में उभरती खेल प्रतिभाओं को भी उजागर करती है।

### बच्चे को घर छोड़ने जा रही स्कूल बस एवं ट्रक में भिड़ंत,14 बच्चे घायल

**जमुई, नवशक्ति, राजेश कुमार सिन्हा।** जमुई जिला के लक्ष्मीपुर प्रखंड अंतर्गत कोहबरबा झाझा मार्ग पर स्थित संदीपी गांव के पास तेज रफ्तार ब ट्रक और स्कूली बस में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे टैलेंट शॉर स्कूल के 14 बच्चे हादसे का शिकार हो गए हैं। जिसमें कई बच्चों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

घटना उस वक्त की है जब स्कूली बस रोजाना की तरह बच्चों को छोड़ने दोपहर में बच्चों को छोड़ने घर जा रही थी ।घटना की सूचना मिलते ही लक्ष्मीपुर थाना की पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची ।घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया । घायलों को हुए कुछ बच्चे का इलाज प्रखंड अस्पताल में चल रहा है वहीं गंभीर रूप से घायल बच्चों का इलाज सदर अस्पताल जमुई में चल रहा है पुलिस दुर्घटना की जांच कर रही है।

### पीडीएस डीलर के अनिश्चित कालीन आमरण अनशन का 24वे दिन भी जारी रहा

**पटना।** जन वितरण विक्रेता अपनी लंबित मांग को लेकर पटना के गर्दनीबाग में आज 24वां दिन भी अंबिका यादव ने आमरण अनशन जारी रखा। वहीं फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री दयानंद प्रसाद,वरुण सिंह,देवेंद्र सिंह ने संयुक्त ब्यान जारी कर बताया कि अनशनकारी के समर्थन में फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के सभी गुट एवं जन वितरण दुकानदार संघ के आवाह्न पर बिहार के तमाम जन वितरण विक्रेता 12वा दिन भी हड़ताल पर रहा। हड़ताल के 12वे दिन भी पूर्ण सफल रहा। उन्होंने कहा कि जब तक अनशन तब तक हड़ताल जारी रहेगा। जन वितरण विक्रेता की लंबित मांग एसएफसी गोदाम से विक्रेता के गोदाम तक बैग के वजन के साथ अनाज का पूर्ण वजन मिलना चाहिए। साथ ही हैंडलिंग लॉस की व्यवस्था हो। अनुकंपा में उम्र सीमा समाप्त करना। सरकार द्वारा जन वितरण विक्रेताओं को दुकान संचालक करने के कार्य के लिए कम से कम 30000 प्रति माह मानदेय दिया जाए, जन वितरण विक्रेता के द्वारा केंद्र के संचालन के लिए दुकान का किराया और दुकान से जुड़ी स्टेशनरी और बाकी व्यवस्थाओं से जुड़ी वस्तुओं के लिए सरकार द्वारा एक उचित राशि प्रदान की जाए, पोस मशीन से जुड़ी किसी भी समस्या या मरम्मत के लिए विक्रेता को राशि मुहैया किया जाए प्रमुख मांग है।

# संत रविदास भक्ति आंदोलन के रहस्यवादी कवि और महान संत थे: शास्त्री



**खगड़िया।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्राथमिक विद्यालय कमलपुर तथा नन्हकू मंडल टोला में संत शिरोमणि रविदास जी की 648 वीं जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। समारोह की अध्यक्षता सेवा निवृत्त शिक्षक रामलखन प्रसाद पासवान व जदयू के जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने संयुक्त रूप से किया। आयोजन समिति के कार्यकताओं के द्वारा भव्य तरीके से शोभा यात्रा निकाली गई। वहीं संतों और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया और मन चंगा तो कठौती में गंगा व संत शिरोमणि रविदास जी की जयकारे भी लगाए गए।

समारोह को सम्बोधित करते हुए राम लखन प्रसाद पासवान ने कहा कि संत रविदास जी का मानव कल्याण के लिए आविर्भाव हुआ है। वे सदैव सामाजिक दुगुर्णो को प्रवचन दोहा भजन क्रांति से खत्म करने का प्रयास करते रहे। वे शांति सहार्द , प्रेम, एकता और सामानता के संदेश वाहक थे।

आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने कहा कि संत रविदास जी भक्ति आंदोलन के रहस्यवादी कवि और महान संत थे। उनके भक्ति गीतों व छंदों ने भक्ति आंदोलन पर स्थाई प्रभाव डाला था। उनके योगदान को आज की दुनिया श्रद्धा से स्मरण करती है।

उन्होंने कहा कि संत रविदास जी के विचारों से यह स्पष्ट होता है कि अहंकार और अभिमान रहित मानव ही सफल जीवन का आनंद प्राप्त कर सकते हैं। उनके छंदों से यह भी बतलाता है कि शुद्धता हो तो हर जगह पवित्रता ही है। मन चंगा तो कठौती में गंगा, जहां प्रेम नहीं वहां नर्क है, जहां प्रेम है वहां स्वर्ग है। साथ ही उन्होंने सद्गुरु के वचनों को दोहराते हुए कहा कि माता-पिता और गुरु ईश्वर समान होते हैं। जिनकी सेवा से ही भक्ति और मुक्ति का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

इस अवसर पर शिक्षक सनातन कुमार शिक्षक डॉक्टर पुरातन गांधी शिक्षक संजय गांधी मेनका देवी कला देवी राजकुमारी देवी सुमित्रा देवी ईशा देवी दीपक कुमार पासवान हरवंश कुमार, डॉ नवीन कुमार पासवान, केपी समदर्शी, नवल किशोर सहनी, सूरज दास, भुनेश्वर पासवान एवं सूर्यवंश कुमार सहित दर्जनों साधु संत उपस्थित थे। मौके पर गायक संतो द्वारा सत्संग एवं संत शिरोमणि रविदास जी रचित भजनों के प्रस्तुति से श्रोतागण मंत्र मुग्ध हो गए।

# महाकुंभ में श्रद्धलुओं को सुविधा देने में नाकाम रही एनडीए सरकार : श्रवण अग्रवाल



**पटना।** महाकुंभ प्रयागराज में बिहार से स्नान के लिए जाने वाले श्रद्धालुओ की परेशानी, दुर्दशा और राज्य के रेलवे स्टेशनों पर बदइंतजामी को लेकर राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल ने केंद्र की एनडीए सरकार पर गंभीर आरोप लगाए । उन्होंने कहा कि केंद्र और यूपी की एनडीए सरकार श्रद्धालुओं को जरुरी सुविधाएं देने में पूरी तरह नाकाम रही। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ को लेकर प्रचार प्रसार तो खूब किया गया लेकिन व्यवस्था को संभालने और श्रद्धालुओं को सुविधा देने में एनडीए सरकार की विफलता सामने आ गई। महाकुंभ में जाने के लिए बिहार के रेलवे स्टेशनों पर महायुद्ध मचा हुआ है, यात्री अपने जान को जोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर है। श्रवण कुमार अग्रवाल ने आरोप लगाया कि महाकुंभ के आयोजन में करोडों रुपये खर्च के बावजूद केंद्र और यूपी के सरकार के द्वारा जो व्यवस्था की गई थी सारी की सारी व्यवस्था फेल हो गई। बिहार के रेलवे स्टेशनों पर प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमर पड़ा है। रेलवे प्रशासन भीड़ को नियंत्रित करने में पूरी तरीके से नाकाम और बेबस दिख रही है। रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों के शीशे तोड़े जा रहे हैं, ट्रेनों पर पत्थरबाजी की जा रही है राज्य के रेलवे स्टेशनों पर अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो गई है। रेलवे मंत्रालय ने महाकुंभ को लेकर कोई भी मुकम्मल इंतजाम नहीं किया प्रयागराज जाने के लिए ट्रेनों की समुचित व्यवस्था भी नहीं की गई। यहां तक कि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा सीमाओं को सील कर दिया गया है। जिसके फलस्वरुप लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। बिहार से जाने वाले श्रद्धालु पैदल ही महाकुंभ में जाने को मजबूर है।

# विज्ञान-कथा-साहित्य में हिन्दी का सर्वश्रेष्ठ उपन्यास है 'वेव एलियंस'



**पटना।** सर्वश्रेष्ठ विज्ञान-कथा धारावाहिक के रूप में प्रसार-भारती, भारत सरकार से पुरस्कृत और आकाशवाणी, पटना से प्रसारित धारावाहिक 'वेव एलियंस' के लेखक डा रमेश पाठक का इसी नाम से प्रकाशित उपन्यास 'वेव एलियंस' हिन्दी में विज्ञान-कथा-साहित्य का सर्वश्रेष्ठ उपन्यास है। इस उपन्यास ने पृथ्वी के अतिरिक्त ब्रह्माण्ड में अन्य ग्रहों पर जीवन होने के विचार को एक नयी दृष्टि से देखने का सूत्र दिया है, जो इस वैज्ञानिक-खोज को चमत्कृत रूप से नयी दिशा दे सकता है।

यह बातें बुधवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित पुस्तक-लोकार्पण-समारोह एवं लघुकथा-गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए,सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि अन्य ग्रहों पर जीवन की खोज के प्रसंग में अबतक इस दृष्टि से विचार किया जा रहा है कि वहाँ भी पृथ्वी के प्राणियों के समान ही जीवन के तत्त्व होंगे। किंतु इस उपन्यास ने चिंतन को एक नयी दृष्टि देते हुए यह स्थापना देने की चेष्टा की है कि अन्य ग्रहों पर जीवन के तत्त्व भिन्न भी हो सकते हैं। वे तत्त्व, पंच महाभूत अर्थात क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर न होकर, हमारे जैसे 'हांड-मांस' का देह न होकर, कुछ और भी हो सकता है। जैसे 'वेव' या 'तरंग' मात्र भी।

वरिष्ठ साहित्यकार भगवती प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि लोकार्पित पुस्तक के लेखक पाठक जी साहित्य और विज्ञान के बीच अद्भुत समन्वय रखते हैं। इनमे साहित्य भी है और विज्ञान भी। विज्ञान का छात्र होते हुए भी ये साहित्य की सेवा कर रहे हैं। क्योंकि विज्ञान से इनका गहरा संबंध रहा है, इन्होंने विज्ञान-साहित्य को बहुत बल दिया है। 'वेव एलियंस' एक अद्भुत उपन्यास है, जिसका आकाशवाणी, पटना से १३ कड़ियों में धारावाहिक नाटक के रूप में प्रसारण हुआ था।

आकाशवाणी, पटना के केंद्र निदेशक रहे वरिष्ठ साहित्यकार डा किशोर सिन्हा ने कहा कि उनकी पुरानी इच्छा थी कि वे आकाशवाणी के लिए एक विज्ञान-धारावाहिक का प्रसारण हो। किंतु योग्य कथा लेखक नहीं मिल पा रहे थे।

जब मुझे ज्ञात हुआ कि लेखक डा रमेश पाठक की पृष्ठभूमि विज्ञान की है तो मेरे मन में प्रेरणा हुई कि अपने मन की इच्छा इन्हें बताऊँ और उनसे यह कार्य लूँ। पाठक जी ने इसे एक चुनौती के रूप में स्वीकार की और 'वेव एलियंस' के रूप में जो लिखा वह ऐतिहासिक बन गया, जिसे ऑल इंडिया रेडियो की ओर से सर्वश्रेष्ठ विज्ञान-धारावाहिक का पुरस्कार प्राप्त हुआ। पाठक जी ने विज्ञान और मनो-विज्ञान के साथ मानवीय-संवेदनाओं को भी इस पुस्तक में मूल्य दिया है, जो इसे विज्ञान-कथा में विशिष्ट बनाती है। सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा, इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के पूर्व निदेशक डा उदय कुमार, वरिष्ठ साहित्यकार बच्चा ठाकुर,अभिनेत्री अर्चना सोनी, अधिवक्ता मंजू झा, निकहत आरा और चंदा मिश्र ने भी लेखक को अपनी शुभकामनाएँ दी। कृतज्ञता-ज्ञापित करते हुए लोकार्पित पुस्तक के लेखक डा पाठक ने कहा कि १८वीं शताब्दी में अंग्रेजी में विज्ञान-कथा का लेखन माना जाता है। किंतु मेरी दृष्टि में विज्ञान-कथा का आरंभ भारत में वैदिक-काल से ही हो चुका था। विज्ञान और दर्शन में विभेद नहीं है।

जब दोनों में समन्वय होता है, तो विज्ञान-कथा आरम्भ हो जाती है ।विज्ञान-साहित्य में दिल को स्पर्श करने की दृष्टि भारतीय साहित्य में है। डा किशोर सिन्हा की प्रेरणा से धारावाहिक के रूप में यह कथा लिखी गयी। जब तक लेखन की प्रक्रिया चलती रही, मैं दूसरे ही भाव-लोक में रहा ।मुझे लगा कि हम सब कठपुतलियाँ हैं और कोई हमें नचाता है। ब्रह्माण्ड में सब कुछ सूक्ष्म रूप में तरंग ही है ।इस अवसर पर आयोजित लघुकथा-गोष्ठी में, वरिष्ठ कथा-लेखिका डा पुष्पा जमुआर ने 'काश' शीर्षक से, डा पूनम आनन्द ने 'माघी-पूर्णिमा',डा मनोज गोवर्द्धनपुरी ने 'सुअवसर', सिद्धेश्वर ने 'बेटा-बेटी', शमा कौसर 'शमा' ने 'खामोशी', ई अशोक कुमार ने 'कुम्भ-स्नान', कुमार अनुपम ने ह्वअभिशापह्व, रौली कुमारी ने 'तोहफा', जय प्रकाश पुजारी 'मोबाइलह्व, श्याम बिहारी प्रभाकर ने 'फोटोग्राफर', शंकर शरण आर्य ने 'सजा', नीता सहाय ने 'स्कूल', पी डी उपाध्याय ने महाकुंभ' तथा बी के बिहारी ने 'असली पारस' शीर्षक से अपनी लघुकथा का पाठ किया। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया।

# सीएम की प्रगति यात्रा 14 को, 200 करोड़ की अधिक की योजनाओं का होगा शिलान्यास

**जहानाबाद।** 14 फरवरी को जिले में प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जहानाबाद आ रहे हैं। जिसको लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। डीएम अलंकृता पांडेय खुद अधिकारियों की टीम के साथ पिछले कई दिनों से सीएम के आगमन वाले निर्धारित व संभावित स्थलों पर जाकर वहां की तैयारियों का जायजा ले रही हैं। डीएम व कई अन्य वरीय अधिकारी अमथुआ एवं काजीसराय में मुख्यमंत्री की यात्रा को ले वहां की तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान कराने के लिए सक्रियता दिखा रहे हैं। डीएम ने बताया कि लगभग 200 करोड़ रुपए से अधिक क योजनाओं का मुख्यमंत्री द्वारा शिलान्यास एवं उद्घाटन किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को हर छोटी से छोटी बातों को लेकर कई जरूरी निर्देश देकर सबकुछ ठीक करने की हिदायत दी। सीएम की सुरक्षा को लेकर भी प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। एसपी अरविंद प्रताप सिंह सीएम के कार्यक्रम स्थल से लेकर उनके भ्रमण के रास्तों पर सुरक्षा तैयारियों की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। बताते चले कि मुख्यमंत्री जिले में सबसे पहले धरहरा पहुंचेंगे उसके बाद अमथुआ पंचायत में बने नए विद्यालय एवं पंचायत भवन का उद्घाटन करेंगे उसके बाद सड़क मार्ग से शहर के



अरवल मोड आएंगे। उसके बाद इंदौर स्टेडियम पहुंचकर नई योजनाओं का शिलान्यास करेंगे तत्पश्चात ग्राम प्लेक्स में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। यह तमाम कार्यक्रम मुख्यमंत्री के निर्धारित हैं। सीएम के आगमन को लेकर 14 फरवरी को शहर के ट्रैफिक प्लान में भी बदलाव किया गया है। सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक शहर में वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध मुख्यमंत्री के आगमन के दिन 14 फरवरी को शहर की यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए ट्रैफिक प्लान बनाया गया है। एसडीएम एवं ट्रैफिक डीएसपी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के मुताबिक गया से पटना की ओर जाने वाली सभी प्रकार के वाहन सुबह 6 बजे से संध्या 6 बजे तक शहर में प्रवेश नहीं करेगी।

पटना से गया जाने वाले वाहन के शहर में प्रवेश पर भी रोक रहेगी। अरवल से घोसी एवं हुलासगंज की ओर जाने वाली सभी प्रकार के वाहन मखदुमपुर थाना के सामने से जाएगी। कोई भी वाहन शहर में प्रवेश नहीं करेगी। हुलासगंज से पटना की ओर जाने वाली सभी प्रकार के वाहन इस्लामपुर एवं एकंगरसराय होते हुए पटना की ओर जाएगी। कोई भी वाहन शहर में प्रवेश नहीं करेगी।

# संत रविदास ने समाज को आध्यात्मिक ज्ञान व संस्कारों का मार्ग दिखाया: मंत्री श्रवण कुमार



**विजय प्रकाश उर्फ पिंनु**

**नूरसराय(नालंदा)(नवशक्ति)।** नूरसराय प्रखंड के हाडौल गाँव में महान संत और कवि संत रविदास की जयंती के अवसर पर बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया अश्विनी कुमार वर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि संत रविदास न केवल एक महान संत थे, बल्कि एक उत्कृष्ट कवि भी थे। उन्होंने 15वीं शताब्दी में भारत में जीवन व्यतीत किया और समाज को आध्यात्मिक ज्ञान व संस्कारों का मार्ग दिखाया। उनका जन्म बनारस में एक दलित परिवार में हुआ था। संत रविदास ने अपने जीवन में कई महत्वपूर्ण कार्य किए और उनकी रचनाएँ, विशेष रूप से भजन और कविताएँ, आज भी पूरे भारत में लोकप्रिय हैं। उनकी शिक्षाएँ समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और हमें उनके बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है।

इस कार्यक्रम में जदयू नेता सुधीर कुमार, विक्की कुमार, बसंत कुमार, गौरव कुमार, डॉ. वीरेश कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## यंग इंडिया के बोल सीजन 5 में युवा कांग्रेस के प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

**पटना।** बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रखर वक्ता चयन कार्यक्रम यंग इंडिया के बोल सीजन 5 का आयोजन प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम के राजीव गांधी सभागार में युवा कांग्रेस के अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास, बिहार युवा कांग्रेस प्रभारी रौशनी कुशल जायसवाल और यंग इंडिया के बोल सीजन 5 के बिहार प्रभारी युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता युवराज सिंह यादव के नेतृत्व में आयोजित किया गया।यंग इंडिया के बोल सीजन 5 के विजेता के रूप में अबू जफर प्रथम स्थान पर रहें उन्हें दस हजार रुपए इनाम राशि के रूप में मिला वहीं द्वितीय स्थान पर रंजीत कुमार रहें और महिला वर्ग से शिखा सिंह विजेता बनी जिन्हें क्रमशः 7500 रुपए इनाम राशि के रूप में मिला। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने प्रवक्ता के गुणों को विस्तार से बताया और कहा कि आने वाले समय में आप प्रतिभागियों में से चयनित होने पर समाज के समस्याओं को मुखरता के साथ और पार्टी की विचारधारा को रखेंगे। सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं भी प्रेषित किए। बिहार युवा कांग्रेस के अध्यक्ष गरीबदास ने कहा कि युवा कांग्रेस यंग इंडिया के बोल द्वारा लगातार युवा कांग्रेस के साथियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित किया जाता रहा है। अच्छे वक्ताओं को पार्टी के विचारधारा से जोड़कर काम करने के लिए यह कार्यक्रम वृहद मंच उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप राहुल गांधी और कांग्रेस के विचारधारा के साथ जुड़कर समाज के दर्पण के रूप में कार्य करें। युवा कांग्रेस इस मंच के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को पूरा मौका दे रही है जिसमें वें समाज के अंदर व्याप्त मुद्दों को बड़े फलक पर रख सकते हैं। बिहार युवा कांग्रेस की प्रभारी रौशनी कुशल जायसवाल ने बिहार के युवाओं को प्रतिभागी के रूप में शामिल होने पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए देश के वर्तमान हालात में युवाओं की सहभागिता बेहद जरूरी है। यंग इंडिया के बोल सीजन 5 के राष्ट्रीय प्रवक्ता और बिहार प्रभारी युवराज सिंह यादव ने इस कार्यक्रम की रूपरेखा बताई और उपस्थित प्रतिभागियों को इस सीजन और कांग्रेस की विचारधारा की व्यापकता के बारे में विस्तार से बताया। यंग इंडिया के बोल सीजन 5 में निर्णायक मंडल के रूप में प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, प्रवक्ता डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, डॉ मधुबाला, एवं पत्रकार रवि नारायण मौजूद रहें। इस कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी रौशनी कुशल जायसवाल, प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास, यंग इंडिया के बोल सीजन 5 के बिहार प्रभारी युवराज सिंह यादव, विशाल यादव, सुंदरम पाठक, सोनू अग्रवाल, अमितेश पांडेय,अजमेर करीम, शशांक रंजन, कमालुद्दीन सहित अन्य नेतागण मौजूद रहें।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 2025 में फिर बनेगी एनडीए सरकार: मनीष यादव

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश प्रवक्ता मनीष यादव ने बुधवार को बिहार शरीफ परिषद में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल पर तीखा हमला करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए पूरा बिहार उनका परिवार है, और वे राज्य के विकास के लिए निरंतर कार्यरत हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 2025 के विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन 225 से अधिक सीटें जीतकर फिर से सरकार बनाएगा।

श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में न्याय के साथ विकास की अवधारणा को साकार किया है और कभी भी अपराध, भ्रष्टाचार और सांप्रदायिकता से समझौता नहीं किया। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकायों में महिलाओं को 50% आरक्षण प्रदान किया, जिससे महिलाएं आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक रूप से सशक्त हुई हैं। अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए श्री यादव ने बताया कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का बजट वित्तीय वर्ष 2004-05 में 3.53 करोड़ रुपये था, जो 2023-24 में बढ़कर 700 करोड़ रुपये हो गया है। मुस्लिम परित्यक्ता/तलाकशुदा महिलाओं के लिए सहायता राशि को 10,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये किया गया है।

पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि इस विभाग का वार्षिक योजना बजट वित्तीय वर्ष 2008-09 में 42.17 करोड़ रुपये था, जो 2023-24 में बढ़कर 1,878.53 करोड़ रुपये हो गया है। इन वर्गों के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावासों और आवासीय विद्यालयों का निर्माण कराया गया है, साथ ही उन्हें छात्रवृत्ति, अनुदान राशि और खाद्यान्न भी उपलब्ध कराया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में, मुख्यमंत्री




नीतीश कुमार की सरकार द्वारा स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना चलाई जा रही है, जिसके माध्यम से छात्रों को 4 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे राज्य के युवा अपने सपनों को साकार कर रहे हैं।

नालंदा में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना को सरकार का ऐतिहासिक कदम बताते हुए श्री यादव ने कहा कि इससे नालंदा के गौरवशाली इतिहास को पुनर्जीवित करने में मदद मिली है। हाल ही में आयोजित महिला अंतर्राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता के सफल आयोजन ने बिहार को खेलों के क्षेत्र में एक नई पहचान दी है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार की मदद से राज्य की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नालंदा जिले में 80,296 लाभार्थियों को पक्का घर उपलब्ध कराया गया है, जबकि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 3,23,771 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए हैं।

कृषि के क्षेत्र में, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कृषि रोड मैप के जरिए किसानों की स्थिति में सुधार किया है। किसानों को पटवन के लिए 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति की जा रही है और उन्हें मात्र 55 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिजली उपलब्ध कराई जा रही है।

श्री यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि 2025 के विधानसभा चुनाव में बिहार की जनता एक बार फिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को आशीर्वाद देगी और उनकी अगुवाई में एनडीए सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संकल्पों के चलते बिहार चौमुखी विकास कर रहा है।

एनडीए गठबंधन के प्रवक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 'सात निश्चय' के विजन ने बिहार को एक नई दिशा दी है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को 225 से अधिक सीटें मिलेंगी और राज्य में फिर से नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनेगी। प्रेस वार्ता के दौरान भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती उषा विद्यार्थी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के मनीष सिंह, हिंदुस्तानी आवामी मोर्चा के पिंटू रजक और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के मोहम्मद फजल इमाम मल्लिक सहित जिलाध्यक्ष जदयू मो अरशद ,भाजपा ई रविशंकर प्रसाद, लोजपा सत्येंद्र मुकुट, रालोमो सोनू कुशवाहा, जदयू प्रवक्ता डॉ धनंजय कुमार देव, भवानी सिंह ,संजय पासवान, भाजपा प्रवक्ता धीरेन्द्र रंजन, लोजपा प्रवक्ता सौरभ, रालोमो प्रवक्ता सचिन कुशवाहा, विनोद कुमार सिंह, विनय कुमार, रीना राज ,देवेन्द्र पासवान, अरूण पटेल, देवन मुखिया, रविराज ,नीरज यादव ,राकेश पटेल, डा आशुतोष ,प्रज्ञा भारती, सुबोध पंडित, आशीष चंद्रवंशी ,आनंद देव ,आर्यन, संजीत यादव, आदि एन डी ए कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शहरी ग्राम में 24 घंटे का अखंड कीर्तन, राम नाम के रंग में रंगे श्रद्धालु

**बेन (नालंदा)(नवशक्ति)।** अरावां पंचायत के शहरी ग्राम में 24 घंटे के फलाहार अखंड कीर्तन का आयोजन बड़े धूमधाम से किया जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान में गांव के श्रद्धालु पूरे समर्पण भाव से शामिल हो रहे हैं, वहीं आसपास के ग्रामीण भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रहे हैं। पूरा गांव राम नाम के भक्ति रस में डूबा हुआ है। ग्रामवासियों के अनुसार, इस कीर्तन में बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग सहित सभी श्रद्धालु तन-मन से राम धुन में लीन हैं। पूरे क्षेत्र में भक्ति की अनोखी छटा बिखरी हुई है, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया है। कीर्तन का संचालन पुजारी रणजीत बाबू के मार्गदर्शन में किया जा रहा है, जबकि संपूर्ण व्यवस्था की देखरेख भरत प्रसाद और विजय सिंह के नेतृत्व में की जा रही है। ग्रामीणों के सहयोग से यह



आयोजन अत्यंत सुचारू रूप से चल रहा है। अखंड कीर्तन के समापन के उपरांत नगर भ्रमण, प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण के साथ विशाल भंडारे में शामिल होने का अवसर मिलेगा। ग्रामवासियों ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य धार्मिक और सामाजिक एकता को मजबूत करना है। भक्तों का कहना है कि राम नाम के इस पावन आयोजन से गांव में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है।

## कबीर मठ पावा में भव्य समागम, देशभर से जुटे कबीरपंथी संत-महात्मा

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** कबीर मठ पावा में बुधवार को ऐतिहासिक और भव्य कबीरपंथी समागम का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर देशभर से सैकड़ों कबीरपंथी संत-महात्मा और श्रद्धालु पहुंचे। समागम का नेतृत्व कबीर संगत के महंत ब्रह्मदेव दास उर्फ.चंदेश्वर दास ने किया। पूरे दिन चले इस आध्यात्मिक आयोजन में सत्संग, प्रवचन, हवन और भजन-कीर्तन के माध्यम से कबीर के संदेशों की गूंज मठ परिसर में सुनाई दी।

समागम की शुरूआत सुबह 8 बजे संत-महात्माओं के आगमन के साथ हुई। इसके बाद संत प्रवचन, सत्संग और हवन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो उठा और



श्रद्धालु कबीर के भक्ति मार्ग में डूबते नजर आए। आयोजन के दौरान भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। भक्तों ने आपसी प्रेम, सौहार्द और सद्भाव का संदेश देते हुए इस धार्मिक आयोजन को एकता का प्रतीक बताया। समागम में प्रवचन के दौरान संतों ने कबीर के संदेशों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संत कबीर ने अपने दोहों और वाणी के माध्यम से समाज को सत्य, अहिंसा, प्रेम और मानवता का मार्ग दिखाया। उनके उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं और हमें जीवन की सच्ची राह दिखाते हैं। इस भव्य आयोजन के चलते कबीर मठ पावा भक्ति, प्रेम और सद्भाव के अद्भुत संगम का साक्षी बना। श्रद्धालुओं ने संत महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया और इस धार्मिक अनुष्ठान को अविस्मरणीय अनुभव बताया।

## स्वच्छता कर्मियों की बैठक में उठी लंबित मानदेय भुगतान और सुविधाओं की मांग




**संजय कुमार/बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** बिहार प्रदेश स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी संघ की बैठक बुधवार को बिहारशरीफ प्रखंड के लालबाग में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष सह प्रदेश महासचिव पवन कुमार ने की। बैठक में सभी स्वच्छता पर्यवेक्षकों को घर-घर कचरा उठाव सुनिश्चित करवाने और एप में नियमित प्रविष्टि करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, सफाई कर्मियों को कार्य सुचारू रूप से करने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में उपस्थित पर्यवेक्षकों और कर्मियों ने लंबित मानदेय के शीघ्र भुगतान की मांग उठाई। इस दौरान पर्यवेक्षकों ने यह भी कहा कि संविदा कर्मियों के लिए सभी आवश्यक मापदंड लागू किए जाएं। जानकारी के अनुसार, प्रत्येक पंचायत के हर वार्ड में स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं कर्मी कार्यरत हैं। इन्हें क्रमशः 5000-7500 तथा स्वच्छता कर्मियों को 1500-3000 मासिक मानदेय दिया जाता है। स्वच्छता कार्यबल की संख्याः ग्राम पंचायत स्तर परः पूरे बिहार में 8387 स्वच्छता पर्यवेक्षक कार्यरत हैं। वार्ड स्तर परः लगभग 2,75,000 स्वच्छता कर्मी कार्यरत हैं। इस अवसर पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण कुमार, महासचिव पवन कुमार, कोषाध्यक्ष धीरज कुमार, मीडिया प्रभारी बम कुमार समेत कई जिलाध्यक्ष एवं प्रखंड अध्यक्ष मौजूद रहे। बैठक में अमित कुमार (रोहतास), संजीव कुमार गोस्वामी (सुपौल), हरिकेश झा (समस्तीपुर), मो. जाहिद हुसैन, शशिरंजन कुमार (लखीसराय) सहित कई अन्य पदाधिकारियों ने स्वच्छता कर्मियों की समस्याओं पर चर्चा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि स्वच्छता कर्मियों को उचित मानदेय और संविदा कर्मियों के लिए उचित सुविधाओं की मांग को लेकर जल्द ही आगे की रणनीति तय की जाएगी।

# पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्री ने किया विभागीय कार्यों की समीक्षात्मक बैठक

**पटना।** डॉ. प्रेम कुमार, मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अध्यक्षता में अरण्य भवन स्थित कार्यालय कक्ष में विभागीय कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रधान मुख्य वन संरक्षक बिहार / अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक-सह-निदेशक, हरियाली मिशन, बिहार/मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)-सह-नोडल पदाधिकारी (वन संरक्षण), बिहार/निदेशक, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण, पटना/ मुख्य वन संरक्षक, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन एवं आर्द्रभूमि, बिहार/वन संरक्षक, वन्यप्राणी अंचल, पटना/निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना एवं सचिवालय की ओर से विशेष सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार/ संयुक्त सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार एवं अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

ऐसी आर्द्रभूमि क्षेत्र, जो जैव विविधता के लिए महत्वपूर्ण है। उन महत्वपूर्ण स्थलों को रामसर संधि के तहत रामसर स्थल के रूप में घोषित किया जाता है ताकि उनका संरक्षण एवं विकास किया जा सके। रामसर साईट घोषित होने के उपरान्त उक्त साईट के संरक्षण एवं विकास हेतु राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर पर वित्तीय सहयोग मिलता है, जिसमें आस-पास के ग्रामीणों को सुगमता से आजीविका / रोजगार प्राप्त होते



हैं ।बेगूसराय वन प्रमण्डल अन्तर्गत काँबरताल आर्द्रभूमि वर्ष 2020 में रामसर साईट के रूप में घोषित किया गया है। वर्ष 2024 में जमुई वन प्रमण्डल अन्तर्गत स्थित नागी एवं नकटी पक्षी आश्रयणियों को भी रामसर साईट के रूप में घोषित किया गया है। वर्तमान में राज्य में कुल 03 आर्द्रभमियों को रामसर साईट के रूप में घोषित किया गया है एवं 03 अन्य आर्द्रभूमि यथा-उदयपुर झील (बेतिया), गोगाबील (पूर्णियाँ) एवं गोकुल जलाषय (भोजपुर) को रामसर साईट के रूप में घोषित किये जाने का प्रस्ताव माननीय मंत्री के अनुशंसा उपरान्त भारत सरकार को भेजा गया है ।आर्द्रभूमियों (संरक्षण एवं प्रबंधन) नियम, 2017 के अनुसार राज्य के विभिन्न जिलों में अवस्थित प्रमुख 216 आर्द्रभूमियों का संक्षिप्त दस्तावेज, स्वास्थ्य रिपोर्ट कार्ड तैयार किया गया है। उक्त आर्द्रभूमियों का संरक्षण एवं विकास कार्य केन्द्र / राज्य योजना के तहत किया जा रहा है ।आर्द्रभूमि के संरक्षण एवं उनके आस-पास जन जागरूकता लाने के लिये 680 वेटलैंड मित्र बनाये गये है तथा उनको प्रशिक्षित करने हेतु राज्य स्तर पर प्रशिक्षण दिये जाने का निर्णय लिया गया है।

बिहार राज्य आर्द्रभूमि शोध एवं प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना किये जाने का निर्णय बिहार राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण के द्वारा लिया गया है ।गोकुल जलाशय का समेकित प्रबंधन योजना स्वीकृत की गयी है जिसके अंतर्गत 32.483 करोड़ रुपए की लागत से 2027-28 तक इसे विकसित किया जाना है। मंत्री द्वारा बताया गया कि बिहार में कुल लगभग 4500 आर्द्रभूमियाँ अवस्थित हैं एवं आर्द्रभूमि हमें जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के साथ-साथ कृषि, मत्स्य पालन जैसे-जीविकोपार्जन गतिविधियों में सहयोग प्रदान करता है। बिहार सरकार आर्द्रभूमियों के संरक्षण एवं प्रबंधन के लिए प्रतिबद्ध है। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है। अतः राज्य में रहने वाले कृषि एवं मत्स्य पालन पर आधारित लोगों को आर्द्रभूमि संरक्षण से जीविकोपार्जन हेतु भिन्न-भिन्न तरह के अवसर मिलने की संभावना है, जिससे लोग अपने को और आत्मनिर्भर बनाने में सक्षम साबित हो सकते है।

नव शक्ति समाचार पत्र मैं प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुद्रक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकर और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा। प्रधान कार्यालय: कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामी: जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुर्दित। सम्पर्क नम्बर: 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI-BIHHIN/2012/43368

